**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3029**

**जिसका उत्तर 11 जुलाई, 2019 को दिया जाना है।**

.....

**सिंचाई परियोजनाएं**

**3029. श्री सय्यद ईमत्याज ज़लील:**

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र और तेलंगाना में केन्द्र सरकार द्वारा वित्तपोषित की जा रही सिंचाई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या दोनों राज्य सरकारों ने कुछ सिंचाई परियोजनाओं को राष्ट्रीय परियोजना के रूप में घोषित करने और वित्तपोषण की साझेदारी के लिए केन्द्र सरकार से अनुरोध् किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए अथवा उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)**

इसके अलावा, वर्ष 2016-17 के दौरान पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के अंतर्गत 76.03 लाख हे. की अधिकतम सिंचाई क्षमता और 77595 करोड़ की शेष अनुमानित लागत (31342 करोड़ रू. का केंद्रीय सहायता घटक) वाली चल रही निन्यानवे (99) बृहत/मध्यम सिंचाई परियोजनाओं को राज्यों के साथ परामर्श करके प्राथमिकता दी गई है, जिन्हें उनके कमान क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन (सीएडीडब्ल्यूएम) कार्यों सहित चरणवार ढंग से दिसंबर, 2019 तक पूरा किया जाना है। सरकार ने केंद्र और राज्य दोनों के हिस्से की राशि के लिए नाबार्ड के माध्यम से वित्त-पोषण की व्यवस्था भी अनुमोदित की है। महाराष्ट्र और तेलंगाना में प्राथमिकीकृत परियोजनाओं के एआईबीपी और सीएडीडब्ल्यूएम घटकों का ब्यौरा इस प्रकार है:-

**पीएमकेएसवाई-एआईबीपी** (केंद्रीय सहायता, करोड़ रु./क्षमता हजार हेक्टेयर)

| राज्य | परियोजनाओं की सं. | दिनांक 01.04.2016 को शेष लागत | दिनांक 01.04.2016 को शेष केंद्रीय सहायता | 2016-19 तक जारी कुल केंद्रीय सहायता | सृजित क्षमता/सीसीए2016-19* |
|---|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 26 | 21788.12 | 3058.28 | 1270.42 | 172.20 |
| तेलंगाना | 11 | 8459.02 | 1248.32 | 560.67 | 113.96 |

* वर्ष 2018-19 के आंकड़े अनंतिम हैं।

**पीएमकेएसवाई-सीएडीडब्ल्यूएम** (केंद्रीय सहायता, करोड़ रु./सीसीए हजार हेक्टेयर)

| राज्य | परियोजनाओं की सं. | लक्षित सीसीए | अनुमानित कु केंद्रीय सहायता | जारी केंद्रीय सहायता 2016-19 | सीसीए में कु वास्तविक प्रगति |
|---|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 22 | 500.60 | 967.93 | 73.79 | 57.88 |
| तेलंगाना | 11 | 529.03 | 702.946 | 36.34 | 0.00 |

इसके अतिरिक्त, महाराष्ट्र की 8 एमएमआई और 83 सतही लघु सिंचाई परियोजनाओं जिनकी दिनांक 01.04.2018 को अनुमानित शेष लागत 13651.61 करोड़ रू. थी, के लिए वर्ष 2018-19 के दौरान विशेष पैकेज अनुमोदित किया गया है। केंद्रीय सहायता घटक की राशि 3831.41 करोड़ रू. है। इन परियोजनाओं से लक्षित अतिरिक्त क्षमता 3.77 लाख हे. है। इन परियोजनाओं को चरणवार ढंग से वर्ष 2022-23 तक पूरा करने की योजना है। इस पैकेज के अंतर्गत वर्ष 2018-19 और वर्ष 2019-20 (अब तक) महाराष्ट्र सरकार को क्रमशः 500 करोड़ रू. और 160 करोड़ रू. की केंद्रीय सहायता जारी/मंजूर की गई है।

(ख) से (घ) महाराष्ट्र की एक प्राथमिकीकृत परियोजना नामतः गोसीखुर्द सिंचाई परियोजना एक राष्ट्रीय परियोजना है। इसके अलावा, तेलंगाना के माननीय मुख्यमंत्री ने दिनांक 11.02.2016 के पत्र द्वारा अनुरोध किया था कि कालेश्वरम परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया जाए। लेकिन, राष्ट्रीय परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु केंद्र सरकार द्वारा गठित उच्चाधिकार संचालन समिति के विचारार्थ इस विषय में तेलंगाना राज्य सरकार से निर्धारित प्रोफॉर्मा में कोई औपचारिक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

*****